अर्द्धवार्षिक परीक्षा 2020-21

समय : 2.30 घंटे **कक्षा - 10** **पूर्णांक : 70**

विषय - सामाजिक विज्ञान

सामान्य निर्देश :

1. यह प्रश्न-पत्र दो खण्डों क और ख में विभाजित है। प्रत्येक खण्ड के सभी प्रश्नों को एक साथ हल करना आवश्यक है। प्रत्येक खण्ड का उत्तर नए पृष्ठ से प्रारम्भ किया जाए।
2. प्रश्नपत्र में चार प्रकार के प्रश्न हैं- बहुविकल्पीय, अतिलघु उत्तरीय, लघु उत्तरीय व दीर्घ उत्तरीय, जिनके सम्बन्ध में निर्देश उनके प्रारम्भ में दिये गये हैं।

खण्ड-क

बहुविकल्पीय प्रश्न-

निर्देश - निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न के लिए चार विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखिए।

1. यूरोप में किस दशक में बड़ी आर्थिक मन्दी आई ?
   (अ) 1820 ई0 (ब) 1830 ई0 (स) 1840 ई0 (द) 1850 ई0
2. विकासशील राष्ट्रों ने कान-सा संगठन समूह बनाया ?
   (a) G-7 (b) G-15 (c) G-20 (d) G-77
3. श्रीलंका में तमिलों के कितने उपसमूह नियास करते हैं ?
   (अ) दो उपसमूह (ब) चार उपसमूह (स) छः उपसमूह (द) आठ उपसमूह उत्तर
4. इंग्लैण्ड में राजतन्त्र को कब समाप्त कर दिया गया ?
   (अ) 1660 ई0 (ब) 1672 ई0 (स) 1688 ई0 (द) 1696 ई0
5. करो या मरो का नारा किसका था ?
   (अ) सुभाष चन्द्र बोस (ब) चन्द्रशेखर आजाद
   (स) भगत सिंह (द) महात्मा गाँधी
6. नाइटहुड की उपाधि किसने वापस कर दी थी ?
   (अ) महात्मा गाँधी ने (ब) गोपाल कृष्ण गोखले ने
   (स) रवीन्द्रनाथ टैगोर ने (द) लाला लाजपत राय ने

अतिलघु उत्तरीय प्रश्न

7. गाँधी जी का आन्दोलन किस पर आधारित था ?
8. भूमण्डलीकरण क्या है ?
9. भारतीय समाज किस प्रकार का समाज है ?

लघु उत्तरीय प्रश्न

10. उदारवादियों की 1848 ई0 की क्रान्ति का क्या अर्थ लगाया जाता है ?
11. राजनीति में जाति के सकारात्मक एवं नकारात्मक पहलुओं के महत्वपूर्ण बिन्दु पर प्रकाश डालिए।

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

12. सविनय अवज्ञा आन्दोलन किन परिस्थितियों में प्रारम्भ किया गया ? इसका क्या प्रभाव पड़ा ?
13. महात्मा गाँधी के सत्याग्रह पर एक निबन्ध लिखिए।

अथवा

कॉर्न लॉ से क्या आशय है ? कॉर्न लॉ के उन्मूलन से क्या प्रभाव पड़ा ? व्याख्या करें।

मानचित्र कार्य

14. म्निलिखित स्थानों को दिए गए भारत के रेखा मानचित्र में 0 चिन्ह द्वारा दर्शाइए और उनके नाम भी लिखिए। सही नाम और सही स्थिति (चिन्ह) के लिए 1/2, 1/2 अंक निर्धारित हैं।
    (क) वह स्थान जहाँ भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना हुई।

https://www.upboardonline.com

(ख) वह स्थान जहाँ होमरूल लीग का प्रस्ताव पारित किया गया।

(ग) वह स्थान जहाँ रामकृष्ण मिशन की स्थापना हुई।

(घ) वह स्थान जहाँ आर्य समाज की स्थापना हुई।

(ङ.) वह स्थान जहाँ स्वामी विवेकानन्द ने जन्म लिया था।

खण्ड-ख

बहुविकल्पीय प्रश्न-

निर्देश- निम्नलिखित विकल्पों में सही उत्तर चुनकर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखिए।

15. पाइपलाइन परिवहन का सम्बन्ध किससे है?

(अ) जल (ब) खनिज तेल (स) बिजली (द) इनमें से कोई नहीं

16. ऑपरेशन फ्लड सम्बन्धित है।

(अ) बाढ़ नियंत्रण से (ब) सिंचाई से (स) दुग्ध उत्पादन से (द) मत्स्य उत्पादन से

17. एगमार्क किन वस्तुओं के लिए प्रामाणिक चिन्ह है?

(अ) उपभोग वस्तु (ब) सेवा वस्तु (स) खाद्य पदार्थ (द) इलेक्ट्रिक

18. हेमेटाइट का सम्बन्ध किस खनिज से है?

(अ) ताँबद से (ब) बॉक्साइट से (स) सोने से (द) अयस्क से

19. बॉक्साइट अयस्क है।

(अ) सीसे का (ब) ताँबे का (स) जस्ते का (द) एल्युमीनियम का

20. विश्व व्यापार में भारत की भागीदारी कितनी है?

(अ) 1 प्रतिशत से कम (ब) 2 प्रतिशत से कम

(स) 3 प्रतिशत से कम (द) 4 प्रतिशत से कम

अतिलघु उत्तरीय प्रश्न

21. खनिज क्या है?

22. खरीफ फसलों को बोने का समय कौन-सा होता है?

23. विकास से क्या तात्पर्य है?

लघु उत्तरीय प्रश्न

24. संसाधनों का संरक्षण करना हमारे लिए क्यों आवश्यक है? उल्लेख कीजिए।

25. भारत में चाय तथा कहवा के उत्पादन क्षेत्र बताइए।

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

26. वायु परिवहन आजकल अधिक उपयोगी क्यों है? कोई तन बिन्दु लिखिए।

27. भारत में सार्वजनिक वितरण प्रणाली की छः कमियाँ लिखिए। अथवा कुछ ऐसे कारकों की चर्चा कीजिए जिनमें उपभोक्ता का शोषण होता है?

मानचित्र कार्य

निर्देश- भारत के दिये गये मानचित्र पर निम्नलिखित को दशाईए

28. (क) सीमेण्ट उद्योग का एक केन्द्र

(ख) कहवा उत्पादक क्षेत्र

(ग) कॉफी का सबसे बड़ा उत्पादक राज्य

(घ) कोई एक खनिज तेल क्षेत्र

(ङ.) नरौरा परमाणु ऊर्जा उत्पादक केन्द्र

https://www.upboardonline.com